कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल करने को साझेदारी की

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। भारत को 2070 तक देश को कार्बन नेट जीरो बनाने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए 'यूफ्लेक्स' ने कार्बन क्रेडिट कंसलटेंसी 'क्रेड्यूस' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है और इसे अपना सलाहकार भागीदार बनाया ताकि एंड-टू-एंड श्कार्बन न्यूट्रैलिटीश हासिल की जा सके।

यूफ्लेक्स में फ्लेक्सिबल पैकेजिंग बिजनेस के ज्वाइंट प्रेसिडेंट जीवराज पिल्लई का कहना है, हम पूरे समूह में वर्ष 2024 के अंत तक लगभग 175,000 टन कार्बन उत्सर्जन के बराबर कटौती करना चाहते हैं। यूफ्लेक्स के महाप्रबंधक- एचआर एवं सस्टेनेबिलिटी, मानस कुमार सरकार कहते हैं हमने हमेशा अपने कामकाज के सभी क्षेत्रों में इसे व्यक्तऔर आत्मसात किया है। क्रेड्यूस के निर्देशक शैलेंद्र सिंह राव कहते हैं ऐसे कदम जो सकारात्मक पर्यावरणीय प्रभाव जैसे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाएंगे।